दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 06
अंकः- 193
मुरादाबाद
(Monday)
02 November 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

जनता दर्शनः सीएम योगी ने 150 लोगों की सुनीं समस्याएं, बोले- घबराने की जरूरत नहीं;इलाज में मदद का दिया भरोसा

लखनऊ /गोरखपुर - अपराध और जमीन पर कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में अपने बच्चों के साथ आई महिलाओं के बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलार किया और चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मस्तिष्क आघात से पीड़ित पति के ऑपरेशन के लिए

संक्षिप्त समाचार

भाजपा ने जबरन बंद कराईं दुकानें: राहुल गांधी का सवाल- अब व्यापारियों को नुकसान कौन पहुंचा रहा है?

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो में आरोप लगाया है कि उन्होंने व्यापारियों का नुकसान न होने देने के लिए रैली में आए कार्यकर्ताओं से दुकानदारों से खरीदी करने को कहा था, लेकिन भाजपा सरकार ने दुकानों को ही बंद करा दिया है।रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि रैली के दौरान भाजपा ने दुकानों को बंद कराया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा व्यापारियों का नुकसान कराया जा रहा है।राहुल गांधी ने भाजपा पर लगाए आरोप- राहुल गांधी ने कहा, हमने सभी लोगों से कहा था कि जब आप मार्च और इस बड़ी रैली में शामिल होने आएं तो कुछ सामान खरीदें और खरीदारी भी करें। लेकिन जब हम यहां कनॉट प्लेस की ओर आ रहे थे, तो हमें पता चला कि भाजपा ने जबरन सभी दुकानों को बंद करा दिया है। । नुकसान कौन कर रहा है और यह सब कैसे हो रहा है। दरअसल दिल्ली के व्यापारियों ने राहुल गांधी से कांग्रेस की रैली टालने की अपील की थी। व्यापारियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर रैली टालने की अपील की थी। व्यापारियों का कहना था कि रैली में भारी संख्या में लोगों के शामिल होने के चलते दिल्ली के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होगी।

सीएम योगी का कांग्रेस पर निशाना, बोले- चौरीचौरा के 172 देशभक्तों को फांसी की सजा हुई तो कहां थे नेहरू



मदद मांगने पहुंची महिला को उपचार में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। पति के इलाज में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठे लोगों के पास पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने एक बीमार महिला को समुचित उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक तरीके से किया जाए। शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश- अपराध और जमीन पर कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में अपने बच्चों के साथ आई महिलाओं के बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलार किया और चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया। सीएम योगी ने देश में मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और सड़कों पर हो रही राजनीति का जिक्र करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां भी उद्धृत कीं- %अंधा चकाचौंध का मारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौरीचौरा कांड को लेकर कांग्रेस और पंडित जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि जब चार फरवरी 1922 को चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना के बाद अंग्रेजों ने 172 देशभक्तों को फांसी की सजा सुनाई थी, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू कहां थे? उस समय क्रांतिकारियों की कानूनी पैरवी के लिए महामना पंडित मदन मोहन मालवीय आगे आए थे। पंडित मदन मोहन मालवीय ने प्रभावी पैरवी कर 151 क्रांतिकारियों को फांसी के फंदे से बचाया- मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अक्सर पंडित जवाहरलाल नेहरू को देश का बड़ा अधिवक्ता बताती है, लेकिन चौरीचौरा कांड के समय उनकी भूमिका सामने नहीं आई। उन्होंने बताया कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने प्रभावी पैरवी कर 151 क्रांतिकारियों को फांसी के फंदे से बचाया था। इनमें किसान, मजदूर, व्यापारी और युवा शामिल थे। सीएम योगी ने देश में मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और सड़कों पर हो रही राजनीति का जिक्र करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां भी उद्धृत कीं- %अंधा चकाचौंध का मारा, क्या जाने इतिहास बेचारा?% उन्होंने कहा कि चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना को याद करते समय उन देशभक्तों के बलिदान और महामना मदन मोहन मालवीय के योगदान को भी याद रखना चाहिए, जिन्होंने क्रांतिकारियों को फांसी से बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी।

रोड से रामलीला मैदान तक मार्च



रामलीला मैदान में आज विपक्षी खेमे के अधिकांश राजनीतिक दल जुटने वाले हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग कर रहे विपक्षी दलों में कांग्रेस, ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आहूत इस रैली और विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, देखिए, मुद्दा यह है कि हर वोट महत्वपूर्ण है और हर व्यक्ति का महत्व है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन हर एक वोट की रक्षा के लिए एकजुट हैं। चाहे सिर्फ एक वोट को बचाने की बात ही क्यों न हो, हम उसकी सुरक्षा के लिए भी खड़े हैं।कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा, आप देख सकते हैं कि बड़ी संख्या में लोग बाहर निकले हैं। जनता सड़कों पर उतर आई है। यह पूरे देश के माहौल को दर्शाता है और दिखाता है कि जो कुछ किया गया है, उसके खिलाफ लोग कितनी मजबूती से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेताओं से एक अपील की है। उन्होंने कहा, %%आज ही के दिन 1984 में दिल्ली और देश के कई अन्य हिस्सों में सिख समुदाय का नरसंहार हुआ था। ऐसे दिन दिल्ली में इतना हंगामा करना सिख समुदाय के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। आप यह रैली किसी दूसरे दिन भी कर सकते थे, लेकिन शायद सिख समुदाय के प्रति असंवेदनशीलता आपके डीएनए में है। खैर, जब आप सभी इस समय एक ही जगह पर जुटे हैं, तो कम से कम मंच से देश के सिख समुदाय से माफी मांगिए और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखिए। आपकी दादी की हत्या का बदला लेने की आग में आपके पिता और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में 3,000 से अधिक सिखों का कत्लेआम किया गया था। एक बार माफी मांग लीजिए और फिर अपना कार्यक्रम जारी रखिए।केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, मुझे यह देखकर हंसी आती है कि क्या वे देश के मतदाताओं को मूर्ख समझते हैं? अगर उनका दावा है कि 13 करोड़ नाम प्रभावित हुए हैं, तो वे इसका पूरा ब्योरा क्यों नहीं देते? दोहरी प्रविष्टियों के हैं? कितने ऐसे लोगों के नाम हैं, जिनका पता सत्यापित नहीं किया जा सका? अगर उनमें हिम्मत है, तो उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों से पूछना चाहिए कि उनके परिवारों के कितने नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। जनता को मूर्ख मत समझिए। कोई वोट चोरी नहीं हुई है, लोगों ने चोरों को वोट देना बंद कर दिया है।वोट बचाओ, देश बचाओ रैली पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर ने कहा, यह वास्तव में बहुत शानदार है। हमें पूरा भरोसा है कि हम इस प्रयास में सफल होंगे और बड़ी जीत हासिल करेंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मैं मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर इस रैली में शामिल हो रहा हूं। मुझे लगता है कि हां, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा देंगे। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, नेशनल कॉन्फ्रेंस सांसद फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले, टीएमसी नेता ममता बनर्जी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और अन्य नेता मिंटो रोड से रामलीला मैदान तक मार्च शुरू करेंगे।

देश में अराजकता फैलाने की साजिशः नड्डा का राहुल गांधी पर आरोप- झूठ फैलाकर देश को अस्थिर करना ही आपकी राजनीति



%भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस की रामलीला मैदान में होने वाली रैली पर निशाना साधा है। जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलना चाहते हैं।केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। जेपी नड्डा ने क्या बताया राहुल गांधी की राजनीति का मॉडल? केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है। इसका पहला चरण झूठ और अफवाहें फैलाना है। दूसरा चरण सड़कों पर अराजकता और अव्यवस्था पैदा करने के लिए लोगों को उकसाना है। तीसरा चरण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है और चौथा चरण विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करना है। राहुल गांधी के 1 नवंबर के इस नाटक के चार मकसद हैं। पहला, हमारे सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना। दूसरा, दिल्ली में दंगे और अराजकता फैलाकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की कोशिश करना। तीसरा, त्योहारी सीजन में दिल्ली के दुकानदारों और व्यापारियों की कमाई छीनना और चौथा, देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाना। राहुल गांधी का मकसद छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाना- विपक्षी गठबंधन इंडिया की महारैली पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का मकसद इस त्योहारी सीजन में दिल्ली को ठप करना, छोटे दुकानदारों और कारोबारियों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाना और देश में अशांति व अराजकता का माहौल पैदा करना है। हम इस समय त्योहारों के सीजन से गुजर रहे हैं। धनतेरस, दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहार आने वाले हैं। पूरे साल हमारे छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले और दुकानदार इस समय का इंतजार करते हैं। उन्हें उम्मीद रहती है कि इस दौरान इतनी कमाई हो जाएगी कि वे अपने परिवार का खर्च चला सकें और बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें। लेकिन राहुल गांधी को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि इन कारोबारियों के घरों का चूल्हा जल पाएगा या नहीं। उन्हें सिर्फ अपनी तरह की राजनीति को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी है। नड्डा ने कहा, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी से बार-बार संपर्क किया। सीजन में इतनी बड़ी भीड़ लेकर दिल्ली मत आइए और हमारे कारोबार को ठप मत कीजिए। लेकिन राहुल गांधी की जिद के कारण आज कारोबारियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। राहुल गांधी विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं भाजपा नेता ने कहा, राहुल गांधी, आप विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं और वापस आकर देश के लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था पर हमला करते हैं।

कोर्ट ने आजम खां को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया, गाजियाबाद कोर्ट में किया था पेश



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को जौहर ट्रस्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गाजियाबाद की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को रविवार को गाजियाबाद की विशेष अदालत में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। उनकी पेशी को लेकर कोर्ट परिसर के आसपास लोगों और समर्थकों का जमावड़ा लग गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे परिसर में सतर्कता बरती गई। दरअसल, आजम खां को शनिवार को रामपुर जेल से रिहाई के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया था। यह कार्रवाई मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है।ईडी की टीम आजम खां को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए कस्टडी रिमांड की मांग की। एजेंसी इस मामले में उनसे वित्तीय लेनदेन और ट्रस्ट से जुड़े मामलों में पूछताछ करना चाहती है। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत जेल भेजने का आदेश दिया। भीड़ जुटी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए।

क्या इसके लिए भी मैं जिम्मेदार?: ओवैसी ने कर्नाटक सरकार को घेरा, बीदर की गरीबी और कम आय के आंकड़े किए पेश



ओवैसी ने कहा, बागदल में साक्षरता दर 65 प्रतिशत है, जबकि पूरे कर्नाटक में यह 75 प्रतिशत है। क्या इसके लिए भी मैं जिम्मेदार हूं? कर्नाटक के आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, बागदल में प्रति व्यक्ति आय 1.75 लाख रुपये है, जबकि पूरे राज्य में यह 3.75 लाख रुपये है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर बीदर के विकास और मुस्लिम समुदाय की आर्थिक स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिले का गरीबी सूचकांक राज्य के औसत से अधिक है और प्रति व्यक्ति आय तथा साक्षरता दर में भी अंतर है।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और अपने आलोचकों पर पलटवार किया है।

संपादकीय Editorial

A Tribute to Art

Through the window of tradition, the Kullu Dussehra scenery is now being witnessed in large numbers. The artistic and cultural significance of the Dev Samaj traditions has once again created a golden image of Himachal's landscape. While the state's cultural brilliance is showcased on a special occasion, the government's patronage is enhanced annually. This is a testament to the state's reverence for the Dev Samaj, where the Chief Minister once again paid a tribute.

A five percent increase in the offerings to the deities and a ten percent increase in the honorarium of the Bajantris has made the pandal eagerly await its return next year. Kullu Dussehra, a symbol of cultural brilliance, also offers a vivid example of the arrival and departure traditions of nearly three hundred deities. For the past few years, the participation of women's groups has led to record-breaking performances in traditional dance forms, while Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu's announcement of an incentive of 35,000 rupees per group grants artists recognition.

A series of such events in the state extends beyond Kullu to Shivratri in Mandi, Minjar in Chamba, Holi in Sujanpur, and Renuka Ji. Many other cultural festivals have now emerged, driven by various occasions and political influence. The tradition of rural fairs in Himachal is also providing a platform for organizing Chhajj and cultural evenings. Fairs are undoubtedly classified at the district, state, national, and international levels, but their true impact is felt within the power of power. Have we been able to fully establish these traditions within the purview of tourism, or even refine them within a systematic framework? Outside wrestlers take home all the money from Chhajj, while more than half the budget for music and dance goes to outside singers. Part of the administrative role in preparing for fairs extends to researching expenses and securing arrangements.

If all these festivals, fairs, and cultural activities are determined by independent departmental criteria, their formats could be determined with their own characteristics. For example, a Fair and Cultural Development Authority should be formed to set standards for all fairs, festivals, and cultural activities, ensuring accountability for revenue and expenditure. The Fair and Cultural Development Authority can organize special programs and programs for the promotion of Himachali art and artists. Revenue and expenditure should be allocated for the maintenance of fair infrastructure and grounds for cultural platforms.

Annual contracts and program rates should be established at the central level for folk art platforms and folk artists. Otherwise, the annual budget for these festivals is not satisfied even by paying lakhs of rupees to some Punjabi singers. Fairs and festivals should be developed as havens for Himachali art and artists. Furthermore, an annual calendar should be established and promoted to enhance tourism activities and attract tourists. Chhinj fairs need to ensure the promotion of Himachali talent in wrestling and other sports. In this context, the role of local bodies can also be effective. Himachal Pradesh Language, Art and Culture Department will have to expand its role to provide patronage and scale to songs, music, folk dance and folk theatre for the entertainment of the local people.

The Role of the New Generation in Nation Building

Today's generation is very different from previous generations. They get their hands on a mobile phone before textbooks. They are growing up in a world where sources of knowledge are not limited to school and family. Internet media, video platforms, gaming, AI, and digital communities have become an integral part of their learning process. Therefore, they must be properly informed about their proper use, because this is the generation whose cooperation will make it possible to build a developed India. The digital world is now also the source of learning for the new generation.

Balancing rights and duties is crucial for nation building. Education should develop rational thinking and values. When understanding the Gen Z and Gen Alpha generations, the most important question is not what students are learning, but where they are learning from. This question is crucial because students learn not only from textbooks. They also learn from their surroundings, from family, from friends, from teachers, and today, more than ever, from the digital world. What they see, hear, and experience gradually becomes a part of their thoughts and behavior.In such a situation, the responsibility of education becomes more serious and greater than ever before. Recently, it has been observed that today's generation discusses rights a lot, and it is essential to create awareness about them. They should know that they have the right to education, the right to live with dignity, the right to express themselves, and the right to equal opportunities. But are we equally seriously educating them about their duties? Or is the current generation aware of their duties? Rights are important, but duties are equally important. Democracy is not just a system of rights. It operates on the balance of rights and duties. If a person is aware of their rights but indifferent to their duties, a democratic system cannot be strong. Therefore, it is essential to teach today's generation what they deserve, and also to understand their responsibilities towards society and the nation.If students are only told about their rights, but not that others also have rights and that they have a duty to respect those rights, their awareness of rights will remain incomplete. While there is a right to express one's views, there is also a responsibility to listen to others' views. Freedom of expression also implies a duty to use it responsibly. Access to the internet also implies a responsibility to use digital media responsibly. Today, internet media has made this balance even more crucial. Information can reach thousands of people with a single click. Therefore, today's students must also be taught that not all information is true, not all viral content is shareable, and that freedom of expression cannot be separated from responsibility.

This is where values ??and culture become an integral part of education. Culture does not simply mean following traditions. Culture means the ability to distinguish between right and wrong, respect for others, discipline, sensitivity, empathy, an insistence on truth, and an awareness of one's duties. Values ??help individuals determine what appropriate conduct should be for them in a given situation. When rights are combined with values ??and duties, they no longer remain a means of personal gain but become a force for building society and the nation. The true power of any right lies in the purpose for which it is used.

If rights are used solely for personal gain and neglect the interests of society, those same rights can become a source of conflict. However, when rights are combined with duties and values, they become a means of nation-building. An aware youth will speak up for their rights, but also protect public property. They will exercise their freedom, but also respect the freedom of others. They will ask questions, but will also strive to understand the facts. Therefore, as important as it is to educate children about their rights, it is equally important to make them understand that rights and duties are not contradictory, but complementary.

The biggest challenge facing Gen G and Gen Alpha is perhaps not a lack of information, but an excess of information. Previously, a child's primary centers of learning were home, school, and society. Today, along with these three, the digital world has also become a powerful teacher. It's not necessary that this "digital teacher" will always provide correct information. The popularity of a video does not guarantee its veracity. The words of an influential person cannot be the ultimate truth. Even answers obtained from AI must be tested with the touchstone of reason. Therefore, today's education must not only impart information but also develop reason. More important than simply providing answers is teaching children to ask the right questions. It's essential to teach them to consult the source, verify facts, and understand different perspectives before believing any information. This critical thinking will enable them to make correct decisions in difficult situations. The true test of education comes when life presents us with such a situation. The answer isn't readily available in a chapter of a book. In times of crisis, one must make decisions. In times of failure, one must manage oneself. In times of confusion, one must choose between right and wrong. One must adhere to values ??even under pressure. ch times, a degree alone is of no use. What matters is the wisdom, patience, discipline, and problem-solving abilities that education has cultivated within one. Therefore, the purposeof education cannot be merely success in exams. Its purpose is also to prepare one for the trials of life.

Another lesson for Congress

The Congress's failure in the ballot-based elections proves that it is wasting its time misleading people by calling SIR a vote theft. The Congress's failure to win even a single seat in the elections for 28 Legislative Council seats in four states indicates its inability to overcome its dire situation. Of these four states, the Congress did not field any candidates in Uttar Pradesh, but in Bihar, Maharashtra, and Karnataka, it fielded a total of 12 candidates. None of them won.

The voters in these elections for Legislative Council members (MLCs) were teachers and graduates. The way the Congress lost all four seats in Karnataka, where it ruled, is even more humiliating. While its allies in Bihar and Maharashtra achieved success, the Congress failed to open its account.

In Bihar, a candidate from the newly formed Jan Suraj Party and an independent candidate became MLCs, but despite allies like the RJD and the CPI-ML Liberation, the Congress failed. This failure indicates that Congress is unable to influence either enlightened teachers or graduates. While the number of graduate and teacher voters is not very large, it is not so small that no party can give them importance.

While teachers work to shape public opinion, graduates generally vote irrespective of caste and creed. If Congress is unable to attract these groups, it cannot blame anyone but its own policies.

It would behoove Congress to understand that raising the issue of



vote theft will achieve nothing. Congress should also realize that it is venting its frustration on EVMs in vain. It is insisting on ballot papers instead of EVMs. The fact that MLC elections were held through ballot papers is irritating it. This is why the Prime Minister took a dig at it. Congress's failure in the ballot-based elections proves that just as it is wasting its time misleading people by accusing the SIR of vote theft, it is also making absurd demands for ballot-based elections. Congress's problem isn't just that, instead of addressing its own weaknesses, it blames its failures on the Modi government and the Election Commission. Its problem also lies in the fact that it creates fabricated narratives that neither the general public nor the intelligentsia see any substance. Similarly, it opposes every government policy but fails to present a concrete alternative.

जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: जिलाधिकारी

स्टार संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जमीनों का अवैध फेरबदल कर लोगों को फंसाने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजने के निर्देशजिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दैनिक जनसुनवाई के दौरान प्राप्त गंभीर शिकायतों के निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों को भेजे गए स्टार संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक संबंधित अधिकारी से प्रकरणवार निस्तारण की स्थिति, की गई कार्रवाई की गुणवत्ता तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

28 सितंबर से 21 अक्टूबर 2026 के मध्य जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन में प्राप्त गंभीर प्रकृति की 39 शिकायतों को स्टार संदर्भ के रूप में चिह्नित कर राजस्व विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों को प्रभावी निस्तारण के लिए भेजा गया था। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित हुए और प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई, शिकायतकर्ता की संतुष्टि अथवा असंतुष्टि तथा उसके कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित नायब तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूमि विवादों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। केवल कागजी निस्तारण के बजाय शिकायत के वास्तविक समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि जमीनों के अभिलेखों में हेरफेर कर अथवा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से लोगों को धोखाधड़ी में फंसाने वाले भू-माफियाओं एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा दोषियों को जेल भेजा जाए। शांति एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने तथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीनों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि चकरोड, सार्वजनिक उपयोग की भूमि तथा अन्य सरकारी एवं आरक्षित भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। भूमि संबंधी विवादों में लापरवाही बरतने अथवा अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली गंभीर शिकायतों को स्टार संदर्भ के रूप में चिह्नित करने का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक प्रकरण की गंभीरता के अनुसार उच्च स्तर पर निगरानी करते हुए उसका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक मामले में नियमानुसार ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुरादाबाद में 52 केंद्रों पर हुई परीक्षा , हर पाली में 23,352 परीक्षार्थी पंजीकृत

नकलविहीन परीक्षा के लिए 104 मजिस्ट्रेटों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से रखी गई निगरानी



मुरादाबाद में रविवार को 52 केंद्रों पर दो पालियों में पीईटी परीक्षा संपन्न हुई। प्रत्येक पाली में 23,352 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। नकल रोकने के लिए 104 मजिस्ट्रेट तैनात रहे और सीसीटीवी से निगरानी की गई। जिले में रविवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में 52 केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिनमें प्रत्येक पाली के लिए 23,352 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए 52 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 52 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक हुई। केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा के दौरान एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों और परीक्षा संचालन की स्थिति का निरीक्षण किया। इससे पहले जिले में 25 और 30 अक्टूबर को भी पीईटी परीक्षा आयोजित की गई थी।

मुरादाबाद में परिवार बना ड्रग सिंडिकेट: मां-पत्नी संग चला रहा था चरस-स्मैक का धंधा, छापेमारी में खुला राज



मुरादाबाद में एक परिवार ड्रग सिंडिकेट चला रहा था, जिसमें पति, पत्नी और मां शामिल थे। पुलिस ने छापेमारी कर 4.375 किलोग्राम चरस, 14.59 ग्राम स्मैक और 33,600 रुपये नकद बरामद कर तीनों को गिरफ्तार किया।नशे के धंधे में अब मुरादाबाद में परिवार के परिवार उतर आए है। सिविल लाइंस पुलिस ने हाल ही में मां बेटी को चरस के साथ गिरफ्तार किया था। जबकि उसका बेटा फरार हो गया था। अब मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र में एक युवक पत्नी और मां के साथ मिलकर चरस और स्मैक की तस्करी कर रहा था।

शनिवार को सुबह पुलिस ने आरोपित के घर छापेमारी करके 4.375 किलोग्राम चरस और 14.59 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके अलावा 33,600 रुपये की नकदी और दो मोबाइल फोन भी मिले।

पुलिस के मुताबिक, कांता प्रसाद अपने परिवार के साथ मिलकर नशे का कारोबार चला रहा था। वह वाट्सएप के जरिये आर्डर लेकर ग्राहकों को मांग के अनुसार नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था। आरोपित एक माह पहले ही जेल से बाहर आया था।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि जिले में नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। यज्ञ एप पर दर्ज अपराधियों के डाटा का सत्यापन कराया जा रहा है।

इसी दौरान मझोला क्षेत्र की नेता कालोनी निवासी कांता प्रसाद के बारे में जानकारी मिली कि वह जेल से बाहर आने के बाद फिर से नशे के कारोबार में सक्रिय हो गया है। वह अपनी पत्नी और मां के साथ मिलकर चरस, गांजा और स्मैक की बिक्री कर रहा था। शनिवार सुबह सीओ सिविल लाइंस भास्कर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस की 15 सदस्यीय टीम ने कांता प्रसाद के घर पर छापा मारा।टीम में मझोला इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार, चौकी प्रभारी अनुज कुमार अन्य पुलिसकर्मी थे। पुलिस ने घेराबंदी कर कांता प्रसाद, उसकी पत्नी कविता और मां रानी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान घर से भारी मात्रा में चरस और स्मैक के साथ नकदी व मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि कांता प्रसाद एक माह पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद उसने फिर से नशे की बिक्री शुरू कर दी। पुलिस की नजर से बचने के लिए उसने घर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा रखे थे। वह मोबाइल पर वाट्सएप के जरिये ग्राहकों से आर्डर लेता था, जबकि उसकी पत्नी और मां घर से ही नहीं, बल्कि ग्राहकों के घर जाकर भी नशीले पदार्थों की बिक्री करती थीं।

तीनों आरोपितों के खिलाफ मझोला थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। कांता प्रसाद के खिलाफ मझोला, कोतवाली और गलशहीद थानों में एनडीपीएस, आबकारी और आर्म्स एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, उसकी पत्नी कविता के खिलाफ एक और मां रानी के खिलाफ दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

बाजार में धनतेरस-दीपावली की धूम: चांदी के हाथी-कछुए और मछलियां, मुरादाबाद में गिफ्ट पैक ग्राहकों की पसंद

इस बार बाजार में पारंपरिक आभूषणों के साथ मीनाकारी वाले सिक्के और विशेष गिफ्ट पैक जैसी नई श्रृंखलाएं ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं।चांदी के हाथी, कछुए, मछली जैसी आकृतियों की धूम। मीनाकारी वाले चांदी के सिक्के और विशेष गिफ्ट पैक।- कम अब सराफा बाजार में भी दिखाई देने लगी है। दुकानों पर ग्राहकों रहा है तो कोई हाथी, कछुए और मछली जैसी आकर्षक आकृतियों ऐसी नई श्रृंखला आइ है, जो ग्राहकों को खूब लुभा रही है। वहीं, ग्राम से 100 ग्राम तक चांदी की आकृतियां, 250 रुपये से शुरू मछली बाजार में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 250 रुपये से शुरू आकृतियों को पहली बार इतने आकर्षक रूप में पेश किया गया है।



आकृतियों की भी मांग है।चांदी के सिक्कों में इस बार नयापन- चांदी के सिक्कों में भी इस बार खूब नयापन है। करीब 800 रुपये कीमत वाले सिक्कों पर मीनाकारी की गई है। रोज फिनिश में तैयार सिक्के अपनी चमक और बनावट से अलग पहचान बना रहे हैं। वहीं, उपहार देने के लिए तीन सिक्कों का विशेष गिफ्ट पैक तैयार किया गया है। इसमें तांबे, पीले और चांदी जैसे रंगों के सिक्के शामिल हैं। छह हजार रुपये कीमत वाले इस सेट को आकर्षक पैकिंग में पेश किया गया है।मीनाकारी वाले सिक्के और छह हजार रुपये का गिफ्ट पैक बना पसंद- सराफ अमित रस्तोगी और अभिनव बंसल के मुताबिक, इस गिफ्ट पैक के खुदरा के साथ थोक में भी आर्डर मिल रहे हैं। महंगे उपहार और आभूषण पसंद करने वालों के लिए माणिक और पन्ने से तैयार हार तथा पेंडेंट सेट भी उपलब्ध हैं। इनकी कीमत ढाई लाख से 10 लाख रुपये तक है। वहीं, सोने-चांदी की ऊंची कीमतों के बीच कम वजन की ज्वेलरी भी ग्राहकों की पसंद बनी हुई है।ढाई ग्राम वजन में आकर्षक पेंडेंट- गुरहट्टी रोड स्थित सर्राफ राहुल गोयल ने बताया कि ढाई ग्राम वजन में भी आकर्षक पेंडेंट उपलब्ध हैं।

वजन और उच्च मूल्य के आभूषणों की भी मांग।धनतेरस और दीपावली की रौनक की भीड़ उमड़ रही है। कोई अपनों को उपहार देने के लिए चांदी के सिक्के पसंद कर की खरीदारी में जुटा है। इस बार बाजार में परंपरागत आभूषणों के साथ उपहारों की चांदी में तुलसी का पौधा और छोटी दीपावली के लिए तोता भी तैयार हुआ है। एक कीमत- एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के चांदी के हाथी, कछुए, हिरन और होकर 25 हजार रुपये तक है। ढलाई, कास्टिंग और हाथ से तैयार की गई इन छोटे आकार की आकृतियां बजट में उपहार देने वालों को पसंद आ रही हैं तो बड़ी

संक्षिप्त समाचार

यूपी में गांव से हाईवे जाने वालों को बड़ी राहत, टोल टैक्स पर सालाना पास से बचेंगे 2820 रुपये

मुरादाबाद में नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा के 20 किमी दायरे में रहने वाले लोगों को अब सालाना 1500 रुपये में रियायती पास मिलेगा। इससे वाहन स्वामियों को हर साल 2820 रुपये की बचत होगी, जो 1 नवंबर से लागू हो गया है।मुरादाबाद टोल पर स्थानीय पास अब 1500 रुपये सालाना। 20 किमी दायरे के निवासियों को मिलेगी 2820 रुपये की बचत।गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए 1 नवंबर से लागू हुई सुविधा।गांव से शहर जाने के लिए हाईवे पर निकलते ही टोल शुल्क की चिंता करने वाले लोगों को अब बड़ी राहत मिलेगी। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मुरादाबाद में नियामतपुर इकरोटिया गांव में बने टोल प्लाजा के आसपास देहात क्षेत्र में रहने वाले पात्र वाहन स्वामियों के लिए रियायती स्थानीय पास की व्यवस्था एक नवंबर से लागू हो गई है। अब 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग अपने निजी वाहन के लिए 1500 रुपये सालाना शुल्क देकर पास बनवा सकेंगे। 360 रुपये महीने के बजाए अब 1500 रुपये में बनेगा सालाना पास-अभी स्थानीय मासिक पास के लिए 360 रुपये देने पड़ते हैं। पूरे साल में यह रकम 4320 रुपये बैठती है। नई व्यवस्था में सालाना 1500 रुपये देने होंगे। यानी वाहन स्वामियों को साल में 2820 रुपये की बचत होगी।महीने के हिसाब से देखें तो खर्च 360 रुपये से घटकर महज 125 रुपये रह जाएगा। खेती-किसानी, नौकरी, कारोबार और दूसरे कामों से रोजाना हाईवे पर आने-जाने वाले ग्रामीणों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। शहर के लिए भी अलग व्यवस्था-सरकार ने नगर पालिका या स्थानीय नगरीय क्षेत्र की सीमा में स्थित टोल प्लाजा के लिए सालाना 3000 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। इस दर पर भी मौजूदा मासिक पास के मुकाबले साल में 1320 रुपये की बचत होगी।इन शर्तों पर मिलेगा पास- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि रियायती पास केवल गैर व्यावसायिक उपयोग वाले वाहनों के लिए है। वाहन का पंजीकरण वैध और फास्टैग सक्रिय होना जरूरी है। पास केवल संबंधित टोल प्लाजा पर मान्य होगा। यदि वाहन चालक के लिए सर्विस रोड या वैकल्पिक सड़क उपलब्ध है तो पास जारी नहीं किया जाएगा। यह सुविधा बंद उपयोगकर्ता शुल्क प्रणाली वाले राजमार्गों और द्रुतगति मार्गों पर भी लागू नहीं होगी।

दीपावली पर मिठाई की दुकानों पर छापे, छह नमूने भरे

रामपुर। दीपावली पर मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान पांच प्रतिष्ठानों से छेना रसगुल्ला, खोया कतली, गुलाब लड्डू और आटा लड्डू समेत छह नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। बीकानेर स्वीट्स पर लाइसेंस प्रदर्शित नहीं था। इन दुकानदारों को सुधार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में एक और हार्ट अटैक मरीज की बचाई जान

रामपुर। जिला अस्पताल में हार्ट अटैक के एक और मरीज को समय पर उपचार मिला। शनिवार को शाम चार बजे डॉ. इमरान और उनकी टीम ने मरीज को थ्रोम्बोलाइसिस की प्रक्रिया से उपचार दिया। इस प्रक्रिया में दवा के जरिये हृदय की धमनियों में जमा खून के थक्के को घोला जाता है, जिससे रक्त प्रवाह सामान्य हो सके। सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में अब तक 12 हार्ट अटैक के मरीजों का सफलतापूर्वक थ्रोम्बोलाइसिस किया जा चुका है।

रिश्वत का वीडियो वायरल होने पर पालिका के लिपिक निलंबित

रामपुर। नगर पालिका में रिश्वतखोरी के आरोपों से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद आखिरकार कार्रवाई हो गई। पालिका के लिपिक अफजल समीर को पालिकाध्यक्ष ने निलंबित कर दिया है। कुछ दिन पहले लिपिक का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था। लगातार आरोप लगने के बाद यह फैसला लिया गया। पालिकाध्यक्ष ने प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। अब मामले की जांच कराई जाएगी। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

अमरिया में अवैध खनन पर छापेमारी, दो जेसीबी और दो डंपर सीज

@ क्यूँ न लिखूँ सच



पीलीभीत। अमरिया थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग ने कार्रवाई की। खनन अधिकारी प्रांजुल सिंह ने शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि करीब दो बजे टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान मौके से खनन में इस्तेमाल की जा रही दो जेसीबी मशीन और दो डंपर पकड़े गए। जानकारी के अनुसार, खनन अधिकारी को क्षेत्र में अवैध खनन होने की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां जेसीबी से खनन किया जा रहा था और डंपरों से खनन सामग्री की ढुलाई हो रही थी। टीम ने चारों वाहनों को कब्जे में लेकर अमरिया थाने में सीज करा दिया। खनन अधिकारी प्रांजुल सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। अवैध खनन के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चलाकर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लगे लोगों में खलबली मच गई।

खाद की कालाबाजारी और अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई, 14 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त, 29 निलंबित

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।(ब्यूरो) । जिले में किसानों को खाद उपलब्ध कराने के नाम पर मनमानी और अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। खाद की बिक्री में गड़बड़ी, बिना खतौनी खाद बेचने और वितरण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने के मामलों में विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर 14 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं, जबकि 29 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से खाद बिक्री में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। किसानों को निर्धारित नियमों के तहत खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग लगातार छापेमारी और निरीक्षण अभियान चला रहा है। इस दौरान खाद बिक्री केंद्रों पर पहुंचकर दस्तावेजों, बिक्री प्रक्रिया और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है। जांच में जहां भी अनियमितता सामने आ रही है, वहां संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। स्पष्ट किया है कि खाद बिक्री में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। लाइसेंस निरस्त और निलंबित करने की कार्रवाई के साथ ही निरीक्षण और निगरानी अभियान भी लगातार चलाया जाएगा। अब देखने वाली बात होगी कि निगरानी समितियों और सचल दलों की सक्रियता से खाद वितरण व्यवस्था कितनी पारदर्शी बनती है और किसानों को खाद लेने के लिए होने वाली परेशानियों से कितनी राहत मिलती है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

डिलारी में मिनी गैस एजेंसी पॉइंट और सोलर पैनल की दुकान में चोरी, 20 सिलेंडर समेत लाखों का सामान ले उड़े अज्ञात चोर, छोटा हाथी वाहन भी गायब

@ क्यूँ न लिखूँ सच

डिलारी / जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र में मिनी गैस एजेंसी पॉइंट और सोलर पैनल की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार मोहम्मद जुमा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है । पीड़ित के अनुसार, चोर दुकान के शटर के ताले तोड़कर अंदर रखा गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित मौजम के मुताबिक, वह ग्राम पीपली उमरपुर का निवासी है और करनपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग पर एम एस इंटर कॉलेज के बराबर में भारत गैस एजेंसी के सिलेंडरों की डिलीवरी और बिक्री का काम करता है। उसने बताया कि 30 अक्टूबर 2026 को शाम के समय दुकान बंद कर वह परिवार सहित शादी समारोह में चला गया था। पीड़ित के अनुसार, 1 नवंबर 2026 की सुबह करीब आठ बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर के ताले टूटे हुए थे और शटर उखड़ा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखने पर भारत गैस एजेंसी के 20 खाली सिलेंडर और ग्राहकों के लगभग 50 हजार गायब मिले। इसके अलावा दो बैटरे, एक इन्वर्टर, एक एचपी का लैपटॉप, और दूसरे गोदाम से करीब 80 सोलर पैनल (580 वाट) तथा गैस की ढुलाई में इस्तेमाल होने वाला छोटा हाथी वाहन भी गायब मिला। दुकानदार ने बताया कि आसपास तलाश करने पर ईंट-भट्ठे के अंदर उसका छोटा हाथी वाहन खाली खड़ा मिला, जबकि उसमें लगा बैटरा गायब था। इसके बाद उसे आशंका हुई कि 30 और 31 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई , जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, और कार्यवही का आश्वासन दिया।पीड़ित ने थाना डिलारी में प्रार्थना पत्र देकर चोरी गए सामान की बरामदगी कराने और अज्ञात चोरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।



सड़कों पर नहीं दिखेगा लावारिस गौवंश! सर्किट हाउस से अधिकारियों को सख्त फरमान

बरेली।(ब्यूरो) सर्किट हाउस में रविवार को पशुपालन विभाग और पराग डेयरी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए कि सड़कों पर कोई भी निराश्रित गौवंश घूमता न दिखे; सभी को तत्काल सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया जाए। गौशालाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, पक्की बाउंड्री, बिजली, पानी, भूसा और हरे चारे के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के जरिए वर्मी कम्पोस्ट, गौकाष्ठ और दीयों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार और कृत्रिम गर्भाधान पर जोर दिया गया। गांव-गांव दुग्ध समितियों का विस्तार करने, किसानों को समय पर दूध का भुगतान करने और दीपावली पर पराग की गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए।



जीआईसी मैदान में पटाखों की दुकानें लगाने पर संकट, डीएम से मिले व्यापारी

बरेली।(ब्यूरो) दीपावली पर जीआईसी मैदान में आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति को लेकर व्यापारी परेशान हैं। इस बार अनुमति नहीं मिलने से उनका कारोबार प्रभावित होने की आशंका है। शनिवार को तमाम आतिशबाजी व्यापारी जिलाधिकारी से मिले और अपनी समस्या रखी। उन्होंने नियमानुसार दुकानें लगाने की अनुमति दिलाने की मांग की।व्यापारियों ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) मैदान में तीन दिन के लिए आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगाई जाती हैं। उनकी तीन से चार पीढ़ियां इसी मैदान में दुकानें लगाकर परिवार का भरण-पोषण करती आ रही हैं। इस बार अनुमति नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने पहले ही आतिशबाजी का सामान खरीदने में पूंजी लगा दी है। यदि दुकानें लगाने की अनुमति नहीं मिली तो खरीदा हुआ माल और उनकी जमा पूंजी फंस जाएगी।

इज्जतनगर पुलिस ने 315 बोर अवैध तमंचे व कारतूस सहित शातिर को किया गिरफ्तार

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।(ब्यूरो) । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन एवं एसपी सिटी चिराग जैन के पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत इज्जतनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गश्त और वाहन चेकिंग के दौरान बग्गा ग्राउंड के पास से एक शातिर अपराधी को अवैध असलहे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

चेकिंग के दौरान हुआ शक, तलाशी में खुला राज थाना इज्जतनगर पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम इलाके में गश्त व चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बग्गा ग्राउंड के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम पारस बाबू पुत्र डोरीलाल निवासी मुंशीनगर, थाना इज्जतनगर बताया। जामातलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 अवैध देशी तमंचा (315 बोर) और 1 जिंदा कारतूस (315 बोर) बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने यह तमंचा किसी अज्ञात चलते-फिरते व्यक्ति से खरीदा था।बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना इज्जतनगर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

पकड़ा गया आरोपी पारस बाबू शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ बरेली के विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट के 8 मामले दर्ज हैं

प्रभारी निरीक्षक सुरेशचन्द्र गौतम उपनिरीक्षक सुनील कुमार , इकवाल मनीष मलिक शामिल रहे।

25 हजार घरों अंतिम रीडिंग के बाद ही हटाए जाएंगे पुराने मीटर, चारों जोन में चरणबद्ध तरीके से होगा बदलाव

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।(ब्यूरो) । शहर में 25 हजार घरों के पुराने बिजली मीटर अब विदा होंगे। इनकी जगह दिसंबर तक स्मार्ट मीटर लगाए जाने की तैयारी है। विद्युत निगम ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई एजेंसी को मीटर बदलने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शहर के चारों जोन में चरणबद्ध तरीके से यह काम कराया जाएगा।

विद्युत निगम के मुताबिक, पुराने मीटरों में आ रही समस्याओं को देखते हुए उन्हें बदलने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, मीटर बदलने के दौरान बिलिंग को लेकर उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा। पुराने मीटर की अंतिम रीडिंग दर्ज करने के बाद ही नया स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। रीडिंग और बिलिंग की व्यवस्था पूरी तरह नए मीटर पर शिफ्ट होने के साथ उपभोक्ताओं के संतुष्ट होने के बाद पुराने मीटर हटाए जाएंगे।

एक्सईएन अंकित गंगवार ने बताया कि मीटर बदलने का काम एक साथ करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा। पहले पुराने मीटर की रीडिंग दर्ज होगी, इसके बाद स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा, ताकि पुराने और नए मीटर की रीडिंग को लेकर बिलिंग संबंधी विवाद की स्थिति न बने।

विद्युत विच्छेदन एवं राजस्व वसूली के कार्यों का एक्सईएन ने किया निरीक्षण

@ क्यूँ न लिखूँ सच








बरेली।(ब्यूरो) । फतेहगंज पश्चिमी- विद्युत विभाग की ओर से बकाया बिजली बिलों की वसूली और बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई को लेकर फतेहगंज पश्चिमी विद्युत उपकेंद्र का अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम राजवीर सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व वसूली एवं बिजली कनेक्शन काटने से संबंधित कार्यों का जायजा लेते हुए विभागीय कर्मचारियों से अब तक की गई कार्रवाई और राजस्व वसूली की जानकारी ली। साथ ही बकायेदार उपभोक्ताओं से बिजली बिलों का भुगतान कराने तथा विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। बिजली कनेक्शन काटने एवं राजस्व वसूली के कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रभावी ढंग से पूरा करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ अंकित द्विवेदी, जेई रमेश चंद्र गौतम, आदिल मलिक, शब्बीर अली, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

सीसी रोड निर्माण से पहले नाली बनाने में मानकों की अनदेखी का आरोप, लोगों ने जताया विरोध

@ क्यूँ न लिखूँ सच





